हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

4 दिसंबर 2025, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे में 16 करोड़ 50 लाख रुपए की 6 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

2. मुख्यमंत्री ने लाडवा के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

3. केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक घरों को नल से जल दिया - चार करोड़ और घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का काम प्रक्रिया में है।

4. हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

5. हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना में चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

***********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे में 16 करोड़ 50 लाख रुपए की 6 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने सेन समाज के मांग पत्र को लेकर और लाडवा के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत करवाने और लाडवा के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेन समाज के लिए अपनी तरफ से 51 लाख रुपए, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा कृष्ण बेदी श्याम सिंह राणा की तरफ से भी 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सभी से संत शिरोमणि सेन भगत जी ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर मानवता की सेवा की दी गई शिक्षा पर चलने का आह्वान किया।

***********************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक घरों को नल से जल दिया जा चुका है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि चार करोड़ और घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का काम चल रहा है।

*कुछ राज्यों में 90 परसेंट पैसा केंद्र सरकार की ओर से उनको वित्तीय सहायता दी जाती है। इस बार भी 67 हजार करोड़ रूपया इसके लिए आवंटित किया गया है। मगर कई राज्यों से बहुत सी कंप्लेंट इसके बारे में आई। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी साहब ने अभी भी एक निर्देश दिया और बार-बार दिया है कि यह जो योजना है वह लोगों के घर में पानी देने के लिए बनी है। अभी तक इसके अंदर करीब चार हजार लोगों को ब्लैक लिस्ट किया गया।*

*************************************************************************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

*हमारी संवेदनशील नीतियों और समुचित अवसरों ने उन्हें अटूट विश्वास दिया है कि आज हर बेटी की आवाज गूंज रही है। मुझे पढ़ना है, मुझे बढ़ना है और मुझे खुशी है कि सरकार, समाज और परिवार सभी मिलकर इस आवाज को मजबूत कर रहे हैं और यह शुभ संकेत है। हमें और अधिक दृढ़ता के साथ बेटियों के हित में काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है।*

*************************************************************************

हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने आज लोक भवन में पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि एक जाने-माने राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता, उनका योगदान भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को प्रेरित करता रहेगा। लोक भवन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

*************************************************************************

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज गोहाना में चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल के 25वें पेराई सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह मिल केवल औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि गन्ना कटाई में श्रम संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग के सहयोग से अनुदान पर कटाई मशीनें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज की जा रही है।ताकि किसानों को मिल में गन्ने की आपूर्ति करने में देरी न हो ।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की गतिविधि के तहत राज्य में सभी बीएलओ द्वारा पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची वर्ष 2002 से वर्तमान मतदाताओं का मिलान किया जा रहा है।

चंडीगढ़ में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है लेकिन उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज था, के साथ मिलान किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए राज्य के सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से सूचना प्राप्त कर रहे। अभी तक राज्य के वर्तमान मतदाताओं की संख्या में से लगभग 79 लाख मतदाताओं का वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान किया जा चुका है।

श्री ए. श्रीनिवास ने बताया कि जिन मतदाताओं को यह नहीं मालूम है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में स्वयं उनका नाम या उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम किस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किस भाग में दर्ज है वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.eci.gov.in पर जा कर इसे खोज सकते है। उन्होंने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि आपके घर आने वाले बीएलओ को सही सूचना देने व सहयोग करने का कष्ट करें ताकि राज्य की मतदाता सूची त्रुटि रहित तैयार की जा सके।

**********************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र सरकार की और से चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा बनाने के प्रस्ताव को खारिज करने बारे अभी तक कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है,यदि ऐसा कोई पत्र प्राप्त होता है तो मुख्यमंत्री नायब सिंह केंद्र से पुनः अनुरोध करेगें। वे आज जींद में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे।